कार्यालय

मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल भोपाल

गोमंतिका परिसर तृतीय तल, 12 दफ्तर रोड, जवाहर चौंक, भोपाल (म0प्र0)

क्रमांक / म.प्र.न.रजि.कौ. / छात्रवृत्ति / 5156 भोपाल, दिनांक......1/4/24

प्रति,

संचालक / प्राचार्य
समस्त नर्सिंग संस्थाएं (शासकीय एवं निजी)
मध्यप्रदेश।

विषयः– AISHE वर्ष 2022–23 सर्वेक्षण हेतु उच्चतर संस्थाओं के माध्यम से पोर्टल पर जानकारी अद्यतन कराने बावत।

–––000–––

उपरोक्त विषय में लेख है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण के माध्यम से शिक्षक , छात्र नामांकन, परीक्षा परिणाम , शिक्षा वित्त, बुनियादी ढांचे जैसे मापदण्डों का डेटा एकत्र किया जाता है। इस डेटा से सकल नामांकन अनुपात, छात्र शिक्षक अनुपात ,लिंग समानता सूचकांक आदि की गणना की जाती है। इससे देश विदेश में प्रदेश के उच्चतर शिक्षण संस्थानों के शैक्षणिक स्तर का भी मूल्यांकन होता है। इस डेटा को मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ,जबलपुर एवं उसके अंतर्गत आने वाले समस्त उच्चतर शिक्षण संस्थानों को AISHE के पोर्टल पर समय सीमा में प्रविष्टि किए जाने के निर्देश शासन स्तर से प्राप्त हुए है।

अतः उक्त निर्देशों के पालन में समस्त नर्सिंग महाविद्यालय के उच्चतर शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के पंजीकरण एवं डेटा प्रविष्टि की कार्यवाही सलग्न पत्रानुसार पूर्ण कर इस कार्यालय तथा संचालनालय चिकित्सा शिक्षा को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करें।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

3/4/24

प्रशासक
मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल
भोपाल, म0प्र0

भोपाल, दिनांक...................

पृ.क्रमांक / म.प्र.न.रजि.कौ. / छात्रवृत्ति /

प्रतिलिपिः–

1. संचालक ,चिकित्सा शिक्षा ,संचालनालय चिकित्सा शिक्षा के पत्र कमांक /एमसीआई / एमपीएमएसयू / 2024 भोपाल दिनांक 19.03.2024 के संदर्भ में।
2. कुलपति,मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय , जबलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

//

प्रशासक
मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल
भोपाल, म0प्र0